सार-समाचार

सोनू कंवर का सम्मान

ब्यावर (निसं) श्री कृष्णा योग मंच द्वारा सुभाष उद्यान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपने हौसलों की उडान भरने वाली सोनू कंवर का तिलक लगाकर माला पहनाई और शाल ओढाकर ट्रॉफी देते हुए मंच द्वारा सम्मानित किया गया। उनके साथ आई वंदना का तिलक करके और माला पहनकर सम्मान किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल ने बताया कि कार्यक्रम में संगीतकार सोहनलाल शर्मा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग मंच के साथियों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत व भजन की प्रस्तुति दी गई। योग की महिमा एवं लाभ बताते हुए श्री कृष्णा योग मंच संस्थापक योग शिक्षक आनंद कुमावत, डॉक्टर प्रमोद पोरवाल, केदार अग्रवाल, अमृतलाल गहलोत, नरेश झवर, कैलाश साहू, एसएन अग्रवाल, अशोक कोठारी, ओमी साहू के भजनों ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी दौरान शहर के वरिष्ठ संगीतज्ञ राजेंद्र बाडमेरा द्वारा माउथ ऑर्गन वाद्य यंत्र पर संगीत की मधुर धुनें बजाकर सभी का मन मोह लिया। कुमावत समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर जलन, ब्यावर व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय घीया, एकम आसरा अध्यक्ष सतपाल सोनी, वानर सेवा संचालक सतीश गर्ग, पतंजलि योग समिति महामंत्री सुरेंद्र खंडेलवाल, तुलसाराम चौधरी,सोनू अग्रवाल एवं योग साधक प्रहलाद सोनी, बृजमोहन सोनी, प्रभु सिंह पीटीआई, विष्णु प्रकाश कुमावत, रणजीत सिंह चौहान, हरि प्रसाद गर्ग, नारायण सिंह, योगेश शर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, कुंदन बिहारी शर्मा, सत्यनारायण विजयवर्गीय, सुनील शर्मा, अशोक पमनानी, रमेश पालीवाल, अभय दास, बाबूलाल साहू, नेमीचंद शर्मा, ओम प्रकाश बालाजी, गोपाल,अशोक गोलानी, पुरुषोत्तम बंसल, गोपाल थावानी, नारायण कारगवाल, अशोक गोलानी, खुश कुमावत, घनश्याम सोनी, महेश अठावाल, गौरी शंकर कुमावत, महिला साधक सीमा कुमावत, सोना कुमावत, लकी कुमावत आदि सभी का तिलक लगाकर प्रिया शर्मा ने स्वागत किया। इस्कॉन टीम से आये हुए रघुनंदन प्रभु एवं रमेश भाई द्वारा प्रस्तुत कृष्णा धुन पर योग साधक भक्तिमय हो गए और भाव विभोर होकर खूब झूमे।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह मनाया

अजमेर । जयपुर रोड स्थित ग्राम घूघरा एवं महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के निकट बसी चार कॉलोनियों उत्तम नगर, रामदेव कॉलोनी, श्री जी कॉलोनी एवं अंजनी विहार में सोमवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, इस दौरान कॉलोनी के सभी लोगो को दीपावली की बधाई एवं शुभकामना दी । इस दौरान सर्वसम्मति से एक विकास समिति का गठन किया गया, जिसमें समिति का अध्यक्ष रामस्वरूप यादव अधिवक्ता, सचिव नितिन अग्रवाल को घोषित किया गया । इस दौरान स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रथम बार आयोजित कार्यक्रम में बच्चे एवं महिलाएं एवं बुजुर्गों ने उत्साह से भाग लिया। इस दौरान सत्य नारायण नाईवाला, रामसिंह सोलंकी, अमर सिंह राठौड़, नानूराम चौधरी, ओमप्रकाश प्रजापत, रामविलास जांगिड, नितिन अग्रवाल, नेमाराम, धर्मवीर सिंह, रजनी टाक, सुरेखा यादव, हर्षवर्धन, जितेश मेहरा, मुकेश चौधरी, मदनलाल माली, शिवराज गुर्जर सहित गणमान्य लोग शामिल हुए, इस दौरान रामविलास जांगिड़ ने राजस्थानी गायन भी प्रस्तुत किया।

जागरूकता शिविर आयोजित

नसीराबाद । राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर के आदेशानुसार नई किरण सेवा संस्थान, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, बलवंता चौराहा, ठाम जाटिया में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का संचालन अधिकार मित्र रवि कुमार रेसवाल ने किया। शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नालसा (डॉन) योजना 2025 के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित व्यक्तियों को बताया गया कि नशीली दवाओं और घातक पदार्थों के सेवन से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। नशा परिवार और समाज के लिए बोझ बन जाता है तथा व्यक्ति अपराध की ओर अठासर होकर समाज की शांति और व्यवस्था को प्रभावित करता है।

प्रकाशन के लिए रचनाएं आमंत्रित

शाहपुरा । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान-डाइट की वार्षिक पत्रिका समन्वय प्रकाशित की जा रही है। उक्त पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शिक्षकों से विविध शैक्षिक विषयों पर विभिन्न विधाओं यथा-आलेख, कहानी, संस्मरण, एकांकी, कविता आदि में शैक्षिक नवाचारों से संबंधित रचनाएं आमंत्रित की गई है। इस पत्रिका का सम्पादन संस्थान के आई. एफ.आई.सी. प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री कैलाश मण्डेला द्वारा किया जाएगा। जो रचनाकार अपनी मौलिक रचनाएं उक्त पत्रिका हेतु भेजना चाहते हैं वे कागज के एक तरफ हांसिया छोड़ कर टंकित रचनाएं डाइट, शाहपुरा के पते पर दिनांक-15 नवंबर 2025 तक भिजवा सकते हैं। डाइट की मेल पर भी रचनाएं भिजवाई जा सकती है। प्राप्त रचनाओं में से श्रेष्ठ का चयन कर पत्रिका में प्रकाशन किया जाएगा। प्रकाशित रचनाओं की प्रति रचनाकार को दी जाएगी। प्रकाशित रचनाओं पर किसी भी प्रकार का मानदेय देय नहीं है। प्रधानाचार्य जगदीश नारायण मीणा ने जिले के माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा जगत के सभी स्तर के अधिकारियों, सृजनशील शिक्षकों तथा रचनाकारों से शैक्षिक पठनीय एवं रचनात्मक सामग्री भिजवाने हेतु आव्हान किया है।

नई कार्यकारिणी का गठन

अजमेर। आदर्श सिंधी पंचायत की ओर से दीपावली मिलन समारोह एवं नई कार्यकारिणी गठन समारोह रविवार, 26 अक्टूबर को प्रेम प्रकाश आश्रम, आदर्श नगर में बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत प्रेम प्रकाश आश्रम के मुख्य ट्रस्टी दादा नारायण दास और पंचायत अध्यक्ष गुरबक्ष मीरानी द्वारा समाधि पर 101 दीपक प्रज्वलित कर महाआरती से की गई। महासचिव लालभाई नाथानी ने बताया कि इसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान पंचायत के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। सचिव महेश कुमार ईसरानी ने बताया कि महिला समूह द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुतियों के साथ ऑपरेशन सिंदूर पर नाट्यय मंचन भी किया गया। मंच संचालन सुमन भंभानी और ज्योति चंदवानी ने किया। समारोह में वर्ष 2025 में पंचायत परिवार में आई नई बहुओं का स्वागत भी किया गया तथा कोषाध्यक्ष नंदकिशोर भंभानी ने पंचायत का वर्ष 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

बिहार समाज की महिलाओं ने रखा 36 घंटे का निर्जला व्रत

■ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर की परिवार में सुख समृद्धि की मंगल कामना की

अजमेर । सूर्य उपासना एवं लोक आस्था के छठ महापर्व पर सोमवार शाम को शहर में बिहार के श्रद्धालुओं ने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अस्ताचलगामी सूर्य देव को अर्घ्य दिया एवं परिवार व समाज के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने संतान की रक्षा करने की कामना छठ मैया से की। आज मंगलवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही 4 दिवसीय आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो जाएगा।

मंदिर समिति के पदाधिकारी लवकुश पांडे ने बताया कि सोमवार को समृद्धि के प्रतीक भगवान सूर्य देव के पूजन के लिए महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा है, सुबह से ही महिलाओं ने पूजा की टोकरी में फल, चावल के लड्डूऔर पूजा के सामान से सजाना लिया था। इसके बाद सूर्य को अर्घ्य देने वाले स्थान पर आम की लकड़ी व मिट्टी के चूल्हे में आटा, गुड़ और घी से ठेकुआ बनाया गया और शाम को सूर्यास्त के समय अर्घ्य देकर परिवार में सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

छठ पूजा के लिए बनाए पानी के कुंड : शहर के परबतपुरा स्थित पर्वतेश्वर महादेव मंदिर व आजाद पार्क में छठ पूजन पार्क बनाया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ पूजन के घाट पहुंचकर अर्घ्य देकर सूर्य देव की उपासना की। सूर्यास्त के वक्त सूर्य देव की पूजा हुई। शाम चार बजे से ही पर्वतेश्वर महादेव मंदिर में बनाए गए अस्थाई पोखर पर महिलाएं पूजा के लिए पहुंची और सूर्य देव को अर्घ्य देकर परिक्रमा की गई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक छठ गीत गाकर संतान प्राप्ति, बच्चों की खुशहाली व उन्नित की कामना की और शाम ढलने के बाद सूर्य को अर्घ्य देकर ही लौटीं। मंदिर परिसर में करीब ढाई हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने कुंड में पूजा अर्चना की। वहीं समिति के लवकुश पांडे ने सरकार से मांग करते कहा कि मंदिर समिति को स्थाई जमीन प्रदान की जाए ताकि उस स्थान पर श्रद्धालुओं के लिए पूजा अर्चना हेतु स्थाई कुंड बनाया जाए।

आध्यात्मिक महत्व : भले ही दुनिया कहती है कि जो उदय हुआ है, उसका डूबना तय है, लेकिन लोक आस्था के छठ पर्व में पहले डूबते और बाद में दूसरे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने का यह संदेश है कि जो डूबा है, उसका उदय होना भी निश्चित है, इसलिए विपरीत परिस्थितियों से घबराने के बजाय धैर्यपूर्वक अपना कर्म करते हुए अपने अच्छे दिनों के आने का इंतजार करें, निश्चित ही भगवान की कृपा से सुख-समृद्धि और सौभाग्य का वरदान मिलेगा। इस दौरान केदार अर्जुन लक्ष्मण अजय राजेंद्र धर्मेन्द्र एवं समस्त यूपी बिहार छठ पूजा समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में यूपी बिहार के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जनजागरूकता रैली निकाली

■ रोटरी क्लब अजमेर मेट्रो एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के तत्वावधान में ''पोलियो मिटाओ अभियान'' के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज के ढाई सौ विद्यार्थियों द्वारा एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया

अजमेर । रोटरी क्लब अजमेर मेट्रो एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में ''पोलियो मिटाओ अभियान'' के अंतर्गत 27 अक्टूबर 2025 को नर्सिंग कॉलेज के लगभग ढाई सौ विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब अजमेर मेट्रो की जिला गवर्नर डॉ. निशा शेखावत ने बताया कि यह रैली प्रातः 9:00 बजे जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज परिसर से प्रारम्भ हुई, जिसे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

क्लब अध्यक्ष डॉ ज्योत्सना चंदवानी ने बताया कि रैली में मित्तल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, आर.आर. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं जे.एल.एन. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब सचिव सोनिया लख्यानी ने बताया कि रैली मेडिकल कॉलेज परिसर से प्रारम्भ होकर बजरंगगढ़ होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में संपन्न हुई। इसके उपरांत सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को खाद्य सामठी वितरित की गई। इस अवसर पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे, सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जे.पी. नारायण, एपिडेमियोलॉजीस्ट मुकेश कुमार खोरवाल तथा समाजसेवी रोटेरियन यतीश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस जनजागरूकता रैली का उद्देश्य समाज को पोलियो उन्मूलन के प्रति सजग एवं संकल्पित करना रहा।

''पोलियो मिटाओ अभियान'' के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज के लगभग ढाई सौ विद्यार्थियों ने रैली निकाली।

गणेश जी के अन्नकूट महोत्सव में उमड़ा भक्तों का सैलाब

■ गणेशजी के मोदक तैयार करते हुए अन्य व्यंजन व भोग तैयार किए गए। ढोल नगाड़ों के साथ गणपति की महाआरती उतारी गई।

शाहपुरा । नगर के बड़े गणपति भाणा गणेश मंदिर में शाहपुरा श्याम सेवा समिति के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पुजारी जितेंद्र शर्मा के सानिध्य में इस मौके पर विविध धार्मिक, वैदिक अनुष्ठान के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। अभिषेक के बाद गजानंद की भव्य मनमोहक प्रतिमा पर आकर्षक चोला चढ़ाकर मांगलिक लापसी का भोग लगाया गया।

जगदीश, सोनू पोरवाल मिष्ठानकारो द्वारा कउपस्थित श्रद्धालु के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने परिसर में बैठकर पंगत प्रसादी ग्रहण की।

झांकियां रही आकर्षण का केंद्र : श्याम समिति की ओर से परिसर में गणपति सहित गिरिराजधरण श्रीनाथजी की विराट झांकी सजाई गई जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। दो सेल्फी प्वाइंटो पर बच्चे महिलाओं में सेल्फी लेने की होड सी मची रही। परिसर में मेले जैसा माहौल देखने को मिला।

आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगा उठा हर्ष विहार: गणपति मंदिर पर समिति की ओर से करवाई गई आकर्षक विद्युत सजावट से हर्ष विहार कॉलोनी, कोठी फील्ड मार्ग रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। परिसर को कई तोरणद्वारों, पताका, गुब्बारों से सजाया गया। मार्ग पर विद्युत फ़रियो से मार्ग रोशनी से दमक उठे। महोत्सव के तहत गगन भेदी फ़टाको से से परिसर गूंज उठा, पौन घंटे अनवरत रूप की गई आतिशबाजी से आसमान रंग बिरंगी रोशनी से नहा उठा। पालिकाध्यक्ष का स्वागत सम्मान:मंदिर परिसर में नगरपालिका की ओर से 39लाख रुपए से नवनिर्मित बड़े हॉल को ऐतिहासिक धरोहर के रूप में तैयार करने को लेकर समिति सदस्यों, उपस्थित श्रद्धालुओं की ओर से पालिकाध्यक्ष रघुनंदन सोनी को पुष्पहार, साफा पहना साल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया।

सुखदेव भगत को बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का स्टार प्रचारक बनाने पर बधाई

■ मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे शीर्ष नेताओं के साथ उनकी उपस्थिति महागठबंधन के अभियान को और मजबूती प्रदान करेगी।

ब्यावर (निसं)। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद और ब्यावर-राजसमंद जिला प्रभारी सुखदेव भगत को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्टार प्रचारक के रूप में चुने जाने पर स्थानीय कांग्रेसजनों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट अजय शर्मा ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सुखदेव भगत ने अपने प्रेरणादायी राजनीतिक सफर में सामाजिक न्याय, आदिवासी उत्थान और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया है। डिप्टी कलेक्टर, झारखंड विधानसभा सदस्य, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और वर्तमान में लोहरदगा सांसद के रूप में उनकी उपलब्धियां उनके नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं। ब्यावर और राजसमंद में जिला प्रभारी के रूप में उन्होंने पार्टी संगठन को सशक्त किया और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया । एडवोकेट शर्मा ने आगे कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में भगत की नियुक्ति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उनके अनुभव और लोकप्रियता पर विश्वास को दर्शाती है।

मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे शीर्ष नेताओं के साथ उनकी उपस्थिति महागठबंधन के अभियान को और मजबूती प्रदान करेगी। हमें विश्वास है कि भगत के प्रेरक भाषण और जनसंपर्क बिहार की जनता को कांग्रेस के न्यायपूर्ण और समावेशी एजेंडे की ओर आकर्षित करेंगे।जिला प्रवक्ता शर्मा ने सुखदेव भगत को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पुन : बधाई देते और कामना करते हुए कहा कि उनके प्रचार अभियान में अभूतपूर्व सफलता मिलेगी।

ब्यावर और राजसमंद जिला कांग्रेस कमेटी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरु

अजमेर । भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय, अजमेर में आज ''सतर्कता जागरूकता सप्ताह'' का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। यह सप्ताह 27 अक्तूबर से 2 नवम्बर, 2025 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का थीम'' साझा जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में मण्डल कार्यालय एवं अजमेर मण्डल की सभी शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली तथा ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मण कोटाई, मण्डल प्रबंधक (कार्मिक एवं औ.स.) ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति से ही संस्थाओं में विश्वास और दक्षता बढ़ती है। उन्होंने सभी से नैतिक मूल्यों के पालन एवं जवाबदेही की भावना को सुदृढ करने का आव्हान किया।

स्वागत द्वार तेज हवाओं से नीचे गिरा

पुष्कर । गुरुद्वारे के पास लगा स्वागत द्वार तेज हवाओं के साथ नीचे गिर गया। सयोंग रहा उस दौरान को यात्री या स्थानीय व्यक्ति नहीं चल रहा था नहीं तो आज बड़ा हादसा होता. लेकिन प्रवेश द्वारा अचानक हवा से गिरने से अफरा तफरी मच गयी। सड़क के बीचों बीच गिरने से रास्ता कुछ देर हुआ जाम हो गया। नगर परिषद की तरफ से पुष्कर मेले में मुख्यमंत्री ओर कैबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत का गुरुद्वारे के पास प्रवेश द्वार लगाया गया जो आज तेज हवाओं के साथ नीचे गिर गया और एक यात्री के मामूली चोट लगी।गनीमत रही कि उस दौरान किसी की आवाजाही नहीं थी।

खेल आयोजन युवा पीढ़ी के लिए बेहतर मंच : भड़ाना

■ सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव

■ बारिश के बावजूद खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल

अजमेर । सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को मौसम के बदले मिजाज के बावजूद शहर के युवा क्रिकेटर्स ने अपने गर्म जोशी खेल का प्रदर्शन किया। नॉक आउट आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में आज अधिकांश मुकाबले खेले गए।

अजयमेरु जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना ने कहा की खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से जहां स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है, वही अब खेल के माध्यम से अपने भावी जीवन की दिशा तय की जा सकती है, उन्होंने कहा की इस तरह के खेल आयोजन युवा पीढ़ी के लिए बेहतर मंच बनते है। इस तरह के आयोजनों से खेल अनुशासन के साथ-साथ आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भावना का माहौल भी विकसित होता है। इससे पूर्व समिति के संरक्षक डॉ. प्रियाशील हाडा ने भडाना का माल्यार्पण कर राजस्थानी परम्परा अनुसार साफा पहनाकर स्वागत किया।

सोफिया कॉलेज मैदान - पहला मुकाबला वार्ड 40 एवं वार्ड 80 के मध्य खेला गया। वार्ड 40 ने टॉस जीतकर पहले क्षत्ररक्षण किया। वार्ड 80 ने निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। इस पारी में विक्रम कुमार ने 60 रन बनाए। इसके जवाब में वार्ड 40 की टीम 5 विकेट पर 113 रन बना कर 22 रनों से हार गई। पलाश ने 40 रन की पारी खेली। वार्ड 80 के विक्रम कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरे मुकाबले में वार्ड 68 के विरुद्ध वार्ड 19 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 111 रन बनाए। तरुण औलिया ने 50 रनों की शानदार पारी खेली। इसके जवाब में वार्ड 68 टीम ने मैच की अंतिम गेंद पर चौका लगाकर स्कोर 112 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। आयुष शर्मा ने 55 रनों का योगदान दिया। तीसरा मुकाबला वार्ड 62 व 57 के मध्य के बीच खेला गया जिसमें 62 ने टॉस जीतकर बैटिंग का निर्णय लेकर वार्ड 62 ने 47 रन से जीत हासिल की। चौथा मुकाबला वार्ड 66 व 71 के मध्य खेला जाना था जिसमें वार्ड 71 की टीम मैदान में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में वार्ड 66 को विजेता घोषित किया गया। इससे पूर्व समरोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थाणी व शिक्षाविद् कैलाश कच्छावा जी ने खिलाडियो से परिचय प्राप्त किया।

सार-समाचार

फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद

सरवाड़ । सरवाड शहर साहित उपखंड क्षेत्र में सोमवार को अलसुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी शुरु हो गई जो रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा इस बूंदाबांदी के कारण क्षेत्र के अधिकतम तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है वहीं जिससे मौसम में हल्की ठंडक महसूस हुई वहीं किसानों ने बताया कि बोई गई फसलों के लिए यह हल्की बूंदाबांदी 'सोने पर सुहागा' साबित हो सकती है। यह खेतों में पर्याप्त नमी लाएगी जो खेती के लिए आदर्श स्थिति है । इससे फसलों के अंकुरण व प्रारंभिक विकास को फायदा होगा। किसानों में इस बात को लेकर भी चिंता है कि यदि यह मौसमी बदलाव तेज व भारी बारिश में बदल जाता है तो खेतों में कटी पड़ी खरीफ की फसलें (जैसे बाजरा) और वर्तमान में खड़ी सब्जी की फसलों को भारी नुकसान हो सकता है । बूंदाबांदी के कारण आम जनजीवन पर भी असर पड़ा है लोग हल्की ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े निकालते दिखे वहीं दिनभर चली रुक रुक कर बारिश से ठंड महसूस हुई वहीं कई एक-दो दिन पूर्व की गई बुआई से नुकसान होने की संभावना है वहीं कहीं खेतों में फसलें बाहर नहीं निकल सकी उनके ऊपर मिट्टी ढकने से नुकसान होगा जिससे कहीं किसानों को बुआई करनी पड़ सकती है।

राम भगवान की विशेष आरती की लगाया अन्नकूट का भोग

पुष्कर, । धार्मिक नगरी पुष्कर के रघुनाथशाह मंदिर में बड़े ही धूमधाम से अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम लक्ष्मण का मनमोहक श्रृंगार करके मंत्रोउच्चारण उच्चारण ओर नगाड़ों की धुनों के साथ संगीतम महाआरती की गई । राघवेंद्र शाह मन्दिर के पुजारी पण्डित कैलाशनाथ गोपीनाथ दाधिच ने बताया कि आयोजित कार्यकम में जैतारण अन्नक्षेत्र आश्रम के 1008 श्री महंत महामंडलेश्वर हरिरामदास जी महाराज ओर पुष्कर नगर परिषद के निवर्तमान उपसभापति शिवस्वरूप महर्षि ,पुष्कर भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, भाजपा नेता अरुण वैष्णव, समाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पीएन भाटी,लाभांशु वैष्णव, जगदीश कुर्डिया, कांग्रेस के नेता दामोदर मुखिया ने अथितियों के रूप में भगवान राघवेंद्र सरकार की आरती उताकर जगत कल्याण की मनोकामना की । इस मौके पर भगवान श्री राघवेंद्र सरकार के 56 प्रकार के व्यजनों से बने अन्नकूट प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः न.नि.अ/भवन /25-26/398 आपत्ति सूचना दिनांकः 24/10/25

श्री विजय कुमार हल्दानिया पुत्र स्व. श्री केवलराम हल्दानिया निवासी ए-12 मानसरोवर कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति संख्या ए-12 मानसरोवर कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर स्थित आनासागर सरक्यूलर रोड योजनान्तर्गत है जिसका क्षेत्रफल 260.22 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - भूखण्ड संख्या ए-13 पश्चिम- भूखण्ड संख्या ए-11

उत्तर- 100 फुट चौड़ा रोड दक्षिण - 30 फुट चौड़ा रोड है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल नेस, दिशि स्कीम, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 18434549 दिनांक :- 17/10/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 38/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी विभिन्न कार्यो की अनुमानित लागत राशि रु. 209.65 लाख की ई-निविदा दिनांक 18.10.2025 से दिनांक 29.10.2025 को सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526SLOB00170, AJD2526WSOB00171 - 173

राज.संवाद/सी/25/12634 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

क्रमांकः पसम./2025/4461 नीलामी सूचना दिनांक-27-10-25

पंचायत समिति के अधीन बीडो की विलायती बंबूल को जड़ सहित उखाड़ने हेतु दिनांक 31.10.2025 को नीलामी खुली बोली द्वारा नीलामी लगाई जायेगी, इच्छुक व्यक्ति राशि रूपये 2000/- जमा कराकर बोली में भाग ले सकते हैं।

BID NO- ZAJ2526GSOB013176

प्रधान पंचायत समिति मसूदा — विकास अधिकारी पंचायत समिति मसूदा

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4236 आम सूचना दिनांकः 14-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र. सं.	आवेदन क्रमांक	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू. सं.	क्षेत्र
1	LD/VJNR/2025-26/284031	प्रेमराज तेली/रामलाल तेली	चौसला बिजयनगर	3993	77	69.67 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4403 आपत्ति सूचना दिनांकः 17-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.सं.	नाम आवेदक	क्षेत्र	क्षेत्रफल
01	श्री सम्पत लाल काठेड पुत्र श्री कजोड़ी मल काठेड	गुरू पन्ना रेजीडेन्सी बरल द्वितीय के खसरा नं. 971, 972, 973 में भूखण्ड संख्या 14 के पश्चिम दिशा में स्थित खांचा भूमि।	1487.50 वर्गफीट

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/4407 आपत्ति सूचना दिनांकः 17-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर क